केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सं.31/सीबीएससी/सीई/2-बोर्डपरीक्षा-एक्स/2026 दिनांक:14.02.2026

**अधिसूचना**

**विषय: 2026 से कक्षा X में दो बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में - स्पष्टीकरण।**

सीबीएसई को कुछ अनुरोध प्राप्त हुए हैं, जिसमें यह बताया गया है कि कुछ कारणों से छात्र कक्षा X की पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे, इसलिए छात्र को दूसरी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जा सकती है। इस संबंध में, दूसरी बोर्ड परीक्षा की योजना का संबंधित भाग निम्नलिखित है:

1. सभी छात्रों के लिए प्रथम बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है।
2. सभी उत्तीर्ण एवं पात्र छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान तथा भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
3. यदि कोई छात्र प्रथम परीक्षा में तीन या उससे अधिक विषयों में उपस्थित नहीं होता है, तो उसे द्वितीय परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे छात्रों को "आवश्यक दोहराव (Essential Repeat)" श्रेणी में रखा जाएगा तथा वे केवल अगले वर्ष फरवरी महीने में मुख्य परीक्षा दे सकते हैं
4. जिन छात्रों का प्रथम परीक्षा का परिणाम "कम्पार्टमेंट" घोषित होता है, ऐसे छात्रों को कम्पार्टमेंट श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाएगी।
5. कक्षा X उत्तीर्ण करने के पश्चात अतिरिक्त विषयों की अनुमति नहीं दी जाएगी। छात्रों को स्वतंत्र (स्टैंड-अलोन) विषयों में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. द्वीतिय परीक्षा में बैठने की पात्रता निम्नानुसार होगी:
   (क) सुधार श्रेणी (अधिकतम तीन मुख्य विषयों तक)
   (ख) प्रथम/तृतीय अवसर कम्पार्टमेंट
   (ग) सुधार के साथ कम्पार्टमेंट
   (घ) विषय प्रतिस्थापन द्वारा उत्तीर्ण हुए छात्रों के लिए सुधार

अतः यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि किसी भी कारणवश कोई छात्र मुख्य परीक्षा में तीन या उससे अधिक विषयों में उपस्थित नहीं हो पाता है, तो उसे बोर्ड की नीति के अनुसार द्वितीय बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उपर्युक्त विषय पर सीबीएसई को प्राप्त किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह/-
**(डॉ. संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**